# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
*विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834023.*

विज्ञापन संख्या : 01 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड, राँची / दिनांक: 21 / 01 / 2013

## पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2013 के मार्ग–निर्देशिका–सह–आवेदन पत्र संबंधी सूचना

झारखण्ड राज्य के सरकारी एवं निजी संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम के सत्र 2013–16 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु वैसे योग्य अभ्यर्थियों से, जो भारत के नागरिक हैं एवं झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग का पत्रांक 5 / विविध–9 / 2001 डोमिसाईल का0 2691 / राँची, दिनांक 29.04.02) तथा निम्नानुसार योग्यता की अर्हत्ता पूरी करते हैं, उनसे विहित आवेदन पत्र में झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

**अभियंत्रण पाठ्यक्रम में डिप्लोमा (Diploma in Engineering Course)** – राज्य के सभी सरकारी पोलिटेकनिक संस्थान (महिला सहित) / अल–कबीर पोलिटेकनिक, जमशेदपुर / के0के0 पोलिटेकनिक, धनबाद / जेवियर पोलिटेकनिक एवं प्रावैधिकी संस्थान, राँची / विद्या स्मारक प्रावैधिकी संस्थान, राँची / सेंटर फॉर बायो इन्फॉरमेटिक्स, राँची / झारखण्ड टूल रूम एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर, राँची एवं दुमका तथा निलय एडुकेसनल ट्रस्ट ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशंस, राँची

- शैक्षणिक योग्यता – गणित एवं विज्ञानयुक्त, माध्यमिक / 10वीं / समकक्ष परीक्षा में कम से कम 35% अंकों के साथ उत्तीर्ण*
- आयु सीमा – खनन अभियंत्रण शाखा में न्यूनतम आयु 01.07.2013 को 17 वर्ष। अन्य किसी भी शाखा हेतु कोई आयु सीमा नहीं।

**(*) :– वर्ष 2013 में मैट्रिक में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी भी आवेदन कर सकते हैं, परन्तु साक्षात्कार के पूर्व तक उन्हें उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

नोट :– अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी, संस्थानवार / शाखावार / कोटिवार सीटों की विवरणी पर्षद के वेबसाईट http://www.jharkhand.gov.in/jceceb या http://www.jceceboard.org पर उपलब्ध है, जो गत शैक्षणिक सत्र 2012–13 पर आधारित है। सत्र 2013–14 हेतु अद्यतन सीटों की जानकारी, संबंधित विभाग से प्राप्त होने पर, परीक्षाफल या साक्षात्कार के समय दी जाएगी।

**2. परीक्षा / पाठ्यक्रम / अर्हत्ताएँ / शर्त्तो संबंधी अन्य जानकारी हेतु मार्ग–निर्देशिका का अध्ययन अवश्य कर लें।**

**3. आरक्षण :** राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण के नियम लागू होंगे। विकलांगों के लिए आरक्षण, संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये सीटों के अनुरूप होगी।

**4. परीक्षा का प्रकार :** प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध रहेंगे।

**5. मार्ग–निर्देशिका–सह–आवेदन पत्र की उपलब्धता, परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथि :**

प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु मार्गनिर्देशिका–सह–आवेदन पत्र भारतीय डाक विभाग / यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया की निम्न शाखाओं से ₹ 485/– (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु ₹ 310/–) नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है {उक्त राशि में परीक्षा शुल्क एवं डाकघर प्रसंस्करण शुल्क भी शामिल है}। **किसी भी परिस्थिति में उक्त राशि वापस नहीं होगी।** भरे हुए आवेदन पत्र पर्षद कार्यालय को स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक के द्वारा ही भेजा जा सकता है। **किसी भी परिस्थिति में हाथों–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

मार्गनिर्देशिका–सह–आवेदन पत्र बिक्री की तिथि : 28 जनवरी 2013 से 18 फरवरी 2013

पर्षद कार्यालय में आवेदन पत्र पहुँचने की अंतिम तिथि : 22 फरवरी 2013

परीक्षा की तिथि : **24 अप्रैल 2013**

परीक्षा केन्द्र : **राँची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, दुमका, हजारीबाग एवं चाईबासा।**

**डाकघर की शाखा का नाम :–**

**1. राँची** :– I. जी.पी.ओ., राँची II. डोरण्डा मुख्य डाकघर III. धुर्वा उप–डाकघर IV. राँची विश्वविद्यालय उप–डाकघर, V. कांके उप–डाकघर, VI. हेहल उप–डाकघर, VII. बुण्डू उप–डाकघर **2. लोहरदगा मुख्य डाकघर**, **3. सिमडेगा मुख्य डाकघर, 4. गुमला मुख्य डाकघर 5. सरायकेला मुख्य डाकघर,** I. चांडील उप–डाकघर, **6. पश्चिमी सिंहभूम** :– I. चाईबासा मुख्य डाकघर, II. चक्रधरपुर डाकघर **7. पूर्वी सिंहभूम** :– I. जमशेदपुर मुख्य डाकघर, II. आदित्यपुर मुख्य डाकघर, III. साकची मुख्य डाकघर, IV. घाटशिला उप–डाकघर **8. लातेहार मुख्य डाकघर, 9. गढ़वा मुख्य डाकघर, 10. डालटेनगंज मुख्य डाकघर, 11. चतरा मुख्य डाकघर, 12. हजारीबाग मुख्य डाकघर,** I. बरही उप डाकघर **13. झुमरीतिलैया मुख्य डाकघर, 14. गिरिडीह मुख्य डाकघर, 15. बोकारो** :– I. बोकारो स्टील सिटी मुख्य डाकघर, II. चास उप–डाकघर, III. बेकारो स्टील सिटी सेक्टर–9 उप–डाकघर, **16. धनबाद**:– I. धनबाद मुख्य डाकघर, II. झरिया उप–डाकघर, III. कतरासगढ़ उप–डाकघर, IV. आई0एस0एम0 उप–डाकघर, V. गोविन्दपुर उप–डाकघर, VI. धनबाद बाजार उप–डाकघर, VII. निरसा चट्टी उप–डाकघर, VII. सिन्दरी उप डाकघर **17. जामताड़ा मुख्य डाकघर, 18. देवघर** :– I. देवघर मुख्य डाकघर, II. मधुपुर डाकघर, **19. दुमका मुख्य डाकघर, 20. पाकुड़ मुख्य डाकघर, 21. साहेबगंज मुख्य डाकघर, 22. गोड्डा** मुख्य डाकघर, **23. खूँटी डाकघर**, **24. रामगढ़ उप–डाकघर**

**यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा का नाम :– 1.** United Bank of India, Science & Technology campus Branch (JCECEB H.Q. Branch), ~~2. United Bank of India, Albert Ekka Chowk Branch, 3. United Bank of India, Morabadi Branch~~

**6. मार्ग–निर्देशिका/ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र में लिपिकिय त्रुटियों की शुद्धि :–**

1. मार्ग–निर्देशिका के पृष्ट 4 की कण्डिका 14 में अंकित **पृष्ठ 9 एवं 10** को **पृष्ठ 8 एवं 9** तथा पृष्ठ 8 की कं0 – 14 में अंकित **पृष्ठ संख्या 10** को **पृष्ठ संख्या 9** पढ़ा जाय।
2. ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की **कण्डिका 14, 15 तथा 16** को क्रमशः मार्ग–निर्देशिका के **पृष्ट 9 में अंकित कण्डिका 16, 14 तथा 15** के निदेशानुसार भरा जाय।

18.1.13

**एल0 खियांग्ते,** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : 146 जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड/दिनांक : 21/01/2013

प्रतिलिपिः–

1. **विज्ञापन प्रबंधक,** हिन्दुस्तान/हिन्दुस्तान टाइम्स/प्रभात खबर, कोकर इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोकर, राँची को दिनांक 22/01/2013 के दैनिक समाचार पत्रों में डी0ए0भी0पी0 दर पर छापने हेतु प्रेषित। विज्ञापन झारखण्ड के सभी संस्करणों में दी जाय।
2. **मुख्य डाक प्रबंधक,** डोरण्डा डाकघर, डोरण्डा, राँची/**निदेशक,** विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, झारखण्ड सरकार/**लेखा शाखा,** झा0सं0प्र0प्र0प0पर्षद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.1.13

**परीक्षा नियंत्रक**